भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.07.2025

## आरेडिका के ज्ञानदा बाल मंदिर विद्यालय में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली में बच्चों की समग्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं प्रारंभिक स्तर पर स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान के उद्देश्य से, आरेडिका चिकित्सालय द्वारा ज्ञानदा बाल मंदिर विद्यालय, में दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर (22 जुलाई से 23 जुलाई 2025) का आयोजन किया गया । शिविर में कुल 274 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । इस परीक्षण में शारीरिक स्वास्थ्य, दंत स्वास्थ्य और पोषण संबंधी मूल्यांकन को विशेष रूप से सम्मिलित किया गया ।

डॉ. मनीष कुमार, मंडल चिकित्सा अधिकारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, ने बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास स्थिति का निरीक्षण किया ।

डॉ. आकांक्षा, दंत चिकित्सक, ने बच्चों के दांतों की स्थिति, स्वच्छता एवं मौखिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं की जांच की ।

डॉ. भूमिका सिंह, आहार विशेषज्ञ, ने प्रत्येक बच्चों की आयु, ऊंचाई, वजन एवं स्वास्थ्य स्थिति के आधार पर उन्हें उपयुक्त डाइट चार्ट प्रदान किए ।

आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने बताया कि इस शिविर का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय के बच्चों की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता की आदतें, उचित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जांच की महत्ता के प्रति जागरूक करना है। जो भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति बच्चों को सर्तक रखने में अपनी भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, ज्ञानदा बाल मंदिर विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं आरेडिका चिकित्सालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

24/7/2025

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जन संपर्क अधिकारी